परमेश्वर की प्रजा ने लाल सागर को सूखी भूमि पर पार किया

प्रार्थना : प्रिय प्रभु, बच्चों को यह समझने में सहायता कीजिये कि आपके वचन मनुष्यों की मनगढ़न्त बातें नहीं हैं, बल्कि जो कुछ हम पढ़ते व विश्वास करते हैं वह महान इतिहासिक घटनाओं के तथ्यों पर आधारित बातें हैं।

बच्चों के योग्य सीखने की निम्न तीन गतिविधियों में से कोई एक चुनिए।

निर्गमन 14 अध्याय में एक आश्चर्य क्रम का वर्णन पाया जाता है जिसके माध्यम से परमेश्वर ने अपनी प्रजा इस्राएल जाति को मिश्र देश के दासत्व से छुड़ाया था।

किसी युवा बच्चे को या अध्यापक को मूसा की अगुवाई में लाल सागर पार करने की घटना को प्रस्तुत करने के लिये कहें। तत्पश्चात्त निम्न प्रश्न पूछें, उत्तर कोष्ठक में दिए गये हैं।

- जब इस्राएली लोग मिस्र छोड़ चुके तो कहां पर मिस्री सेना ने इस्राएलियों को पकड़ा? (निर्गमन 14:9 देखें)
- इस्राएलियों की ओर से किसने लड़ने की प्रतिज्ञा की? (देखें पद 14)
- उस रात किस प्रकार परमेश्वर ने इस्रायलियों को मिस्रियों से अलग रखा? (देखें पद 19-20)
- जब मूसा ने अपना हाथ समुद्र के ऊपर बढ़ाया तब क्या हुआ? (देखें पद 21)
- किस रीति से इस्राएली लोगों ने लाल सागर पार किया? (देखें पद 22)
- मिस्री सेना का क्या हुआ जो इस्राएलियों का पीछा कर रही थी? (देखें पद 28)

निर्गमन 14 अध्याय से लाल सागर पार करने की घटना पर एक नाटक प्रस्तुत कीजिए

- आराधना सभा के मुख्य अगुवे के सहयोग से बच्चों द्वारा एक नाटक प्रस्तुत करने का आयोजन करें।
- अपना कुछ समय नाटक की तैयारी में बच्चों के साथ व्यतीत करें ।
- आपको सभी भूमिकाएं प्रयोग करने की आवश्यकता नहीं है।
- बड़े बच्चों को तैयारी में छोटे बच्चों की सहायता करने के लिये प्रोत्साहित कीजिए।

बड़े बच्चे या युवा बच्चे ही नाटक में निम्न लोगों की भूमिकाएं करें :

उद्घोषक : कहानी का सारांश प्रस्तुत करे और बच्चों का क्या करना है, या क्या कहना है, स्मरण कराए।

मूसा : एक लम्बी छड़ी हाथ में रखे।

फिरौन : अपने सिर पर कागज का बना एक मुकुट पहने रहे। छोटे बच्चे इन लोगों की भूमिकाएं करें :

मिस्री सेना के सिपाही : ये सब कुर्सियों पर खड़े हों जिससे लगे कि रथों पर सवार हैं।

घोड़े : बच्चे रथों के सामने घुटने टेके झुके रहें और घोड़ों की आवाज़ों में हिनहिनाते रहें ।

इस्राएली : व्याकुल दिखाई दें।

भेड़ें: हाथों व घुटनों के बल चलें तथा भेड़ की आवाज़ में बोलें ।

लाल सम्रद्र : हाथ उपर की ओर उंचे उठाएं कि ऐसा प्रतीत हो जैसे पानी की दीवार हो।

उद्घोषक : निर्गमन 14:1-20 पर आधारित कहानी का प्रथम भाग सुनाए और कहे, अब सुनो कि फिरौन क्या कहता है -

फिरौन : सिपाहियो, हमारे इस्राएली गुलाम भाग गये हैं। अपने रथों को तैयार करो और उनका पीछा करो।

मिस्री सिपाही: अपने रथों पर खड़े हों, ऐसा दिखाएं मानों घोड़ों को चााबुक मार रहे हों और घोड़ों से कह रहे हों कि जल्दी करें व इश्राएलियों को पकड़ लें। वे समुद्र किनारे में फंस जाते हैं और बच नहीं पाते।

इस्राएली : ये लोग चिल्लाते हैं, हम जाल में फंस गये हैं, हम तो यहीं मर जाएंगे, प्रभु हमें बचा ले।

भेड़ें : भेड़ों की आवाजों में शोर करें।

इस्राएली: देखो, परमेश्वर का अग्नि-खम्बा हमारे और मिस्रियों की सेना के मध्य आ गया है। अब वे रात्री के अंधेरे में हमें नहीं देख पाएंगे।

उद्घोषक : कहानी का दूसरा भाग बताए। निर्गमन 14:21-31

लाल समुद्र : दो पंक्तियां बनाएं और समुद्र के बीच मार्ग बनाएं।

उद्घोषक : अब सुनिए कि मूसा क्या कहता है...

मूसा : अपनी छड़ी समुद्र की ओर बढ़ाते हुए यह कहें, परमेश्वर स्वयं हमारी ओर से लड़ेगा, देखो, प्रचण्ड वायु कैसे जल को विभक्त कर रही है। तुम सब सूखी भूमि पर चलते हुए समुद्र पार कर लोगे।

लाल समुद्र : अपने हाथ उंचे उठायें और मार्ग बनाते जाएं।

इस्राएली व भेड़ें: समुद्र में सूखी भूमि पर चलें, दोनों ओर देखते हुए चलें, और इस्राएली चिल्लाते हुए कहें, देखो, हमारी दोनों ओर पानी की दीवार बन गई है। भेड़ें शोर मचाती रहें।

फिरौन : देखो, प्रचण्ड वायु ने समुद्र में मार्ग बना दिया है, सब लोग चलो और उनका पीछा करो।

मिस्री सेना के सिपाही व घोड़े: इस्राएलियों का पीछा करते हैं, सिपाही रथों से उतरकर उनके पीछे दौड़ते हैं, पर जब पानी में फंस जाते हैं तो चिल्लाते हैं कि यह क्या हो रहा है, हमारे रथों के पहिए टूट गये हैं, मेरा रथ बेकार हो गया है, पानी तो वापस आ रहा है, अब तो हम डूब जाएंगे। सब मिस्री सिपाही शान्त लेट जाएं कि जान पड़े वे मर गये हैं।

लाल समुद्र: जो बच्चे लाल समुद्र बने हों वे मिस्री सेना के सिपाहीयों और घोड़ों पर गिर पड़ें।

इस्राएली: हमारे परमेश्वर ने अपनी सामर्थ से हमें बचा लिया है।

उद्घोषक या बड़ी आयु का कोई बालक: जब नाटक समाप्त हो जाए तो जिन्होंने सहायता की है उनका धन्यवाद दे।

यदि बच्चों ने यह नाटक युवाओं के लिये खेला हो तो सूची में लिखित प्रश्न उनसे पूछे जा सकते हैं।

विचार-विमर्श: बच्चों से कहें कि वे इस घटना के समान अन्य उदाहरण भी प्रस्तुत करें जो परमेश्वर अपने लोगों को बुराई से बचाने के लिये करता है।



बच्चों को उस चित्र की नकल करने के लिये कहें। इस चित्र को बच्चे युवाओं को अगली आराधना के मध्य दिखा सकते हैं जो यह बताती है कि परमेश्वर पृथ्वी पर हमारे हर शत्रु को परास्त करने की सामर्थ रखता है।

फिलिप्पियों 4:13 कंठस्थ कीजिये।

कविता: भजन संहिता 15:1,2, व 11 पदों को कम से कम तीन बच्चे याद करें व सुनाएं।

बड़े बच्चे या युवा बच्चों को कहें कि वे इस विषय पर कि परमेश्वर ने अपनी प्रजा को मिस्र के दासत्व से कैसे छुड़ाया, अथवा आज परमेश्वर हमें पाप के दासत्व से कैसे छुड़ाता है, एक नाटक, कविता या गीत की रचना करें।

प्रार्थना: हे प्रिय परमेश्वर, आप सामर्थी परमेश्वर हैं, आपने मिस्र के घोड़ों, घुड़सवारों व समस्त शत्रु सेना को समुद्र में नष्ट कर दिया, आपने अपनी प्रजा के दुखों को देखा जो वे दासत्व में उठा रहे थे, और आपने उन दुखों का निवारण किया। आपका धन्यवाद हो कि आप सर्वदा हमारी प्रार्थना सुनते हैं।

शैक्षिक योग्यता, व डिग्री उनके पास होनी चाहिए और उन्हें व्यवसायिक की तरह वेतन भी मिलना चाहिए।